## निवेशक सम्मेलनों के आयोजन में व्यय राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

*9. ( *क्र. 300 )* **श्री सुशांत शुक्ला :** क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कितने निवेशक सम्मेलन, किन-किन शहरों में कब-कब आयोजित किये ? इन आयोजनों पर कितनी-कितनी राशि व्यय की गई ? आयोजनवार जानकारी उपलब्ध करावें? (ख) प्रश्नांश "क" के सम्मेलनों के बाद किन-किन कंपनियों से, किन-किन उद्योगों हेतु, कितनी-कितनी राशि के एमओयू किये गये ? एमओयू के आधार पर किन-किन कंपनियों ने प्रदेश में कितने उद्योगों में कितनी-कितनी राशि का निवेश किया? वर्षवार, कम्पनीवार जानकारी उपलब्ध करावें?

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ( श्री लखन लाल देवांगन ) : (क)** सी.एस.आई.डी. सी. से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2019 से 2023 तक उद्योग विभाग द्वारा कुल 05 निवेशक सम्मेलन विभिन्न स्थानों यथा कनाडा, कोलोन जर्मनी, बोस्टन-न्यूयॉर्क संयुक्त राज्य अमेरिका, बाली इण्डोनेशिया तथा नई दिल्ली में आयोजित किये गये । आयोजनों में कुल राशि 4,08,19,530 (शब्दो में राशि रू. चार करोड आठ लाख उन्नीस हजार पांच सौ तीस) का व्यय हुआ है। आयोजनवार **विस्तृत विवरण जानकारी पुस्तकालय में रखें प्रपत्र-अ** में दर्शित है।